सही उत्तर चुनिए :

1. मनोवैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध कार्यों की किस श्रेणी के अन्तर्गत किसी विशिष्ट समस्या का समाधान या हल ढूंढने के लिए किया जाता है तथा इस प्रकार के शोध परिणामों का उपयोग समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है ?
   (क) मूलभूत अनुसंधान
   (ख) अनुप्रयुक्त अनुसंधान
   (ग) कार्यक्रम मूल्यांकन अनुसंधान
   (घ) कार्योन्मुख अनुसंधान

2. —— व्यवहार के सामान्य सिद्धान्तों के निर्माण के लिए सिद्धान्तों की परीक्षा करता है तथा इससे प्राप्त ज्ञान अध्ययनकर्ता की संतुष्टि के लिए होता है।
   (क) मूलभूत अनुसंधान
   (ख) अनुप्रयुक्त अनुसंधान
   (ग) कार्योन्मुख अनुसंधान
   (घ) इनमें से कोई नहीं

3. किस प्रकार के अनुसंधान में सिद्धांत, अनुप्रयोग तथा मूल्यांकन का एकीकरण किया जाता है ?
   (क) कार्योन्मुख अनुसंधान
   (ख) मूलभूत अनुसंधान
   (ग) (क) एवं (ख) दोनों
   (घ) प्रायोगिक अनुसंधान

4. किसी गोचर या घटना के घटित होने के कारणों की व्याख्या बताता है
   (क) समझ (ख) वर्णन
   (ग) पूर्वकथन (घ) नियंत्रण

5. मनोवैज्ञानिकों द्वारा किये गये शोध कार्यों में शोधकर्ता का सबसे पहला काम निम्न में से क्या है ?
   (क) व्यवहार या घटना का वर्णन करना
   (ख) व्यवहार या घटना का पूर्वकथन करना
   (ग) व्यवहार या घटना में परिवर्तन लाना
   (घ) व्यवहार या घटना का मूल्यांकन करना

6. एक मनोवैज्ञानिक प्रयोग में घटनाओं का सही क्रम कौन-सा है ?
   (क) प्राक्कल्पना – प्रयोज्यों का चयन – प्रयोगात्मक डिजाइन – आँकड़े संग्रहण
   (ख) प्रयोज्यों का चयन – प्रयोगात्मक डिजाइन – प्राक्कल्पना – आँकड़ा संग्रहण

Scanned by CamScanner

(ग) प्राक्कल्पना – प्रयोगात्मक डिजाइन – प्रयोज्यों का चयन – आँकड़ा संग्रहण
(घ) प्रयोगात्मक डिजाइन – प्रयोज्यों का चयन – आँकड़ा संग्रहण – प्राक्कल्पना

एक संज्ञानात्मक मनोवैज्ञानिक की प्राथमिकता निम्नलिखित में से क्या होगी ?
(क) उन दशाओं को समझने का प्रयास करेगा जो कक्षा में सीखने को गति दे सके, सीखने में वृद्धि करा सके
(ख) कंपनी के कर्मचारियों को दी गई नई तकनीक के लिए उनके प्रतिरोध के स्वरूप को समझने का प्रयास कर सकता है
(ग) भूलने के कारणों को जानना चाहेगा
(घ) पारिवारिक संरचना में आ रहे बदलाव का बच्चों के पालन-पोषण पर प्रभाव जानने में रूचि ले सकता है

सूची-I (अवधारणा) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I (अवधारणा)** | **सूची-II (व्याख्या)** |
|---|---|
| A. परिकल्पना (Hypothesis) | 1. अध्ययन की जाने वाली दो या दो से अधिक घटनाओं एवं परिवर्त्यों के बीच संभावित सम्बन्धों का कामचलाऊ तथा परीक्षणीय कथन |
| B. परिवर्त्य (Variable) | 2. कोई घटना, दशा या प्रक्रिया जो परिवर्तित होती रहती है |
| C. संज्ञान (Cognition) | 3. वह मानसिक क्रिया जो सूचना को गतिशील करने, समझने और संप्रेषित करने के साथ जुड़ी है |
| D. अनाश्रित परिवर्त्य (Independent variable) | 4. किसी प्रयोगकर्ता द्वारा यह देखने के लिए प्रहस्तित घटना या स्थिति कि इसका किसी अन्य घटना या स्थिति पर कोई पूर्व-कथनीय प्रभाव होगा या नहीं |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (ख) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (ग) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (घ) | 4 | 3 | 1 | 2 |

9. मनोवैज्ञानिक अनुसंधान का आरम्भ होता है –
(क) समस्या से
(ख) परिकल्पना से
(ग) स्वतन्त्र चर से
(घ) आंकड़ा विश्लेषण एवं व्याख्या से

10. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
I. एक वैज्ञानिक अध्ययन सामान्य ज्ञान के उपयोग पर आधारित है
II. मानसिक प्रक्रियाओं के मनोवैज्ञानिक मापक परिवर्त्य कहलाते हैं
III. वैज्ञानिक विधि की सर्वप्रमुख विशेषता उसका वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण है
IV. 'थके होने' की एक अच्छी संक्रियात्मक परिभाषा होगी 'वे प्रतिभागी जिन्हें शारीरिक व्यायाम के पश्चात् प्रयोग के लिए उपस्थित होने को कहा गया है'

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(क) I तथा II (ख) II तथा III
(ग) III तथा IV (घ) I तथा IV

11. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प वैज्ञानिक विधि के चरणों का सही क्रम दर्शाता है ?
(क) शोध प्रश्न अथवा समस्या – संक्रियात्मक परिभाषा – परिकल्पना – आंकड़ा संकलन – आंकड़ा विश्लेषण एवं व्याख्या – रिपोर्ट की तैयारी एवं प्रकाशन
(ख) संक्रियात्मक परिभाषा – शोध प्रश्न अथवा समस्या – आंकड़ा संकलन – आंकड़ा विश्लेषण एवं व्याख्या – परिकल्पना – रिपोर्ट की तैयारी एवं प्रकाशन
(ग) आंकड़ा संकलन – आंकड़ा विश्लेषण एवं व्याख्या – शोध प्रश्न अथवा समस्या – संक्रियात्मक परिभाषा – परिकल्पना – रिपोर्ट की तैयारी एवं प्रकाशन
(घ) शोध प्रश्न अथवा समस्या – परिकल्पना – संक्रियात्मक परिभाषा – आंकड़ा संकलन – आंकड़ा विश्लेषण एवं व्याख्या – रिपोर्ट की तैयारी एवं प्रकाशन

12. गुणात्मक परिवर्त्य का उदाहरण है
(क) धर्म
(ख) जाति या प्रजाति
(ग) (क) एवं (ख) दोनों
(घ) आयु

13. निम्न में से कौन-सा मात्रात्मक परिवर्त्य का उदाहरण है ?
(क) आयु
(ख) उद्दीपक की तीव्रता
(ग) कार्य की कठिनाई
(ध) उपरोक्त सभी

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
I. वैज्ञानिक विधि इंद्रियानुभविक होती है जो हमारी ज्ञानेंद्रियों के सांवेदिक अनुभव पर ही आधारित होती है
II. वैज्ञानिक विधि में पूर्वाग्रह के बिना प्रेक्षण किया जाता है
III. वैज्ञानिक शोध के प्रयासों के अन्तर्गत किसी अध्ययन से प्राप्त ज्ञान को तब तक स्वीकृत नहीं किया जाता जब तक कि उसकी पुष्टि (Replication) नहीं हो जाती
IV. वैज्ञानिक अध्ययन विधि में व्यक्तिनिष्ठ एवं सरल मानकों का पालन किया जाता है

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए ?
**कूट :**
(क) III तथा IV (ख) केवल II
(ग) I, II तथा III (घ) उपरोक्त सभी

15. नीचे दो वक्तव्य दिये गए हैं जिनमें से एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :
**कथन (A) :** मनोवैज्ञानिक अध्ययन की प्रकृति पुनरावर्त (Replicable) होती है।
**कारण (R) :** यह एक निश्चित विधि-प्रणाली एवं डिजाइन पर आधारित होता है।
उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?
**कूट :**
(क) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ख) A और R दोनों सही हैं, परन्तु, R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(ग) A सही है, परन्तु R गलत है
(घ) A गलत है, परन्तु R सही है

16. मनोवैज्ञानिक अध्ययनों की अनेक विशेषताएं हैं। निम्नांकित में से किसे इन विशेषताओं की सूची में शामिल नहीं किया जा सकता है ?
(क) मनोवैज्ञानिक अध्ययन वस्तुनिष्ठ होते हैं
(ख) मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में भौतिक मापन का उपयोग होता है
(ग) मनोवैज्ञानिक अध्ययनों का उद्देश्य कुछ पूर्व कथन करना तथा प्राप्त तथ्यों का सामान्यीकरण करना होता है
(घ) मनोवैज्ञानिक अध्ययन जीव संख्या से चुने गए प्रतिदर्श पर अध्ययन किया जाता है

17. मनोवैज्ञानिक अध्ययन में वस्तुनिष्ठता का तात्पर्य होता है –
(क) किसी घटना या वस्तु का प्रत्यक्ष प्रेक्षण से
(ख) किसी घटना या वस्तु का अप्रत्यक्ष प्रेक्षण से
(ग) (क) एवं (ख) दोनों से
(घ) किसी घटना या वस्तु के मूल्यों से

18. किसी मनोवैज्ञानिक परीक्षण को एक उत्तम परीक्षण कहलाने के लिए यह आवश्यक है कि उसमें अन्य बातों के अलावा –
(क) वस्तुनिष्ठता का गुण हो

Scanned by CamScanner

(ख) विश्वसनीयता तथा वैधता का गुण हो
(ग) मानक (Norms) तथा व्यवहारिकता का गुण हो
(घ) उपर्युक्त सभी गुणों का होना आवश्यक है

19. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन मनोवैज्ञानिक अध्ययन की विशेषता से सम्बन्धित है/है ?
(क) मनोवैज्ञानिक अध्ययन प्रयोगात्मक या अप्रयोगात्मक कुछ भी हो सकता है
(ख) मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में परिणाम के विश्लेषण करने में सांख्यिकीय परीक्षणों का उपयोग किया जाता है
(ग) मनोवैज्ञानिक अध्ययन जीवसंख्या से चुने गए प्रतिदर्श पर अध्ययन किया जाता है
(घ) उपरोक्त सभी

20. मनोवैज्ञानिक अध्ययन
(क) केवल प्रयोगात्मक होते हैं
(ख) केवल अप्रयोगात्मक होते हैं
(ग) प्रयोगात्मक या अप्रयोगात्मक कुछ भी हो सकता है
(घ) का उद्देश्य तथ्यों का विशिष्टीकरण करना होता है

21. प्रयोगात्मक अध्ययनों के सन्दर्भ मे निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं ?
(क) अध्ययनकर्त्ता एक नियंत्रित परिस्थिति में चरों मे जोड-तोड़ करके दूसरे चर पर उसके पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करता है
(ख) अध्ययनकर्त्ता चरों को यथास्थिति बनाये रखते हुए उनका अध्ययन करता है
(ग) अध्ययनकर्त्ता एक अनियंत्रित परिस्थिति में चरों में जोड़-तोड़ करके दूसरे चर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करता है
(घ) अध्ययनकर्त्ता चरों के प्रति उदासीन रहकर उनका अध्ययन करता है

22. निम्नलिखित कथनो पर विचार करें :
I. वैज्ञानिक विधि में तथ्य और सत्यता की खोज प्रायः प्राक्कल्पनाओं से आरम्भ होती है
II. वैज्ञानिक विधि व्यक्तिगत सम्पत्ति होती है जिसका प्रयोग गिने-चुने लोग ही कर सकते हैं
III. वैज्ञानिक विधि में अध्ययन-विषय और अध्ययन परिस्थिति पर पूरा नियंत्रण आवश्यक है, नियंत्रण जितना सफल और कुशल होता जाता है अध्ययन की वैज्ञानिकता उतनी ही बढती जाती है

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन वैज्ञानिक विधि के सम्बन्ध में गलत है/हैं ?

कूट :
(क) केवल I (ख) I और III
(ग) केवल II (घ) II और III

23. कुछ निश्चित तरह के व्यवहारों को व्यवस्थित रूप से देखना कहलाता है
(क) अन्तर्निरीक्षण (ख) प्रेक्षण
(ग) प्रतिदर्श (घ) पूर्वाग्रह

24. प्रेक्षण जब प्राकृतिक अथवा स्वाभाविक परिवेश में किया जाता हैं तो इसे निम्न में से क्या कहा जायेगा ?
(क) नैसर्गिक प्रेक्षण
(ख) प्रयोगशाला प्रेक्षण
(ग) अन्तर्निरीक्षण
(घ) सहभागी प्रेक्षण

25. अस्पतालों, विद्यालयों, बच्चों के दिवस देखभाल केन्द्रों इत्यादि परिवेशों में किस प्रकार का प्रेक्षण किया जाता है ?
(क) प्रयोगशाला प्रेक्षण
(ख) प्रकृतिवादी प्रेक्षण
(ग) प्रयोगशाला प्रेक्षण एवं प्रकृतिवादी प्रेक्षण
(घ) इनमे से कोई नहीं

26. प्रेक्षणात्मक अध्ययन में शोधकर्ता
(क) प्रतिभागी प्रेक्षक हो सकता है
(ख) अप्रतिभागी प्रेक्षक हो सकता है
(ग) (क) एवं (ख) दोनों
(घ) उदासीन प्रेक्षक हो सकता है

27. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) नैसर्गिक प्रेक्षण में शोधकर्त्ता के मूल्य एवं विश्वास कभी भी प्रेक्षण को प्रभावित नहीं कर सकते हैं
(ख) नैसर्गिक प्रेक्षण के अन्तर्गत व्यवहार का प्रेक्षण वास्तविक जीवन से सम्बन्धित परिवेश में किया जाता है
(ग) प्रेक्षण घटनाओं को नोट करना है जो अध्ययन किये जाने वाले गोचर या घटना से सम्बन्धित परिवर्त्यों के औपचारिक बदलाव बिना किया जाता है
(घ) नैसर्गिक प्रेक्षण का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि इससे उन व्यवहारों का अध्ययन करना सम्भव हो पाता है, जिनका प्रयोगशाला में प्रेक्षण नहीं किया जा सकता

28. निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रेक्षण के अन्तर्गत शोधकर्ता प्रेक्षक, जिनके व्यवहार का प्रेक्षण या अवलोकन किया जा रहा है उनके उस समूह का हिस्सा बन जाता है। उसकी प्रतिभागिता अध्ययन की आवश्यकतानुसार परिवर्तित होती रहती है ?
(क) प्रतिभागी प्रेक्षण
(ख) असहभागी प्रेक्षण
(ग) स्वाभाविक प्रेक्षण
(घ) नियंत्रित प्रेक्षण

29. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ?
(क) स्वाभाविक प्रेक्षण में शोधकर्त्ता प्राणी के व्यवहार को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं
(ख) नियंत्रित एवं क्रमबद्ध प्रेक्षण का दूसरा नाम प्रयोग है
(ग) मौलिक शोध द्वारा व्यवहारिक समस्याओं का समाधान किया जाता है
(घ) (क) एवं (ग) दोनों

30. अगर कोई क्रास-सांस्कृतिक मनोवैज्ञानिक यह अध्ययन करना चाहता है कि गोंड जनजाति की मातायें अपने बच्चों के आक्रमक अनुक्रियाओं के साथ किस तरह निबटते हैं तो इस अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त विधि होगी
(क) क्षेत्र प्रयोग
(ख) नियंत्रित प्रेक्षण
(ग) स्वाभाविक प्रेक्षण
(घ) प्रक्षेपी प्रविधियाँ

31. सूची-I (विधि) को सूची-II (अध्ययन किये जाने वाले घटनाओं) के साथ सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूट संकेत का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :

| सूची-I (विधि) | सूची-II (अध्ययन किये जाने वाले घटनाए) |
|---|---|
| A. सर्वे विधि | 1. वनमानुषों का बच्चों के समान पालन-पोषण करना |
| B. प्रयोगात्मक विधि | 2. किसी व्यक्ति के बारे में पूर्ण सूचना |
| C. केस अध्ययन विधि | 3. स्वतंत्र चरों में जोड-तोड |
| D. प्रेक्षण विधि | 4. महिलाओं की स्वतंत्रता के प्रति आम व्यक्ति की मनोवृत्ति |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (ख) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (ग) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (घ) | 4 | 3 | 2 | 1 |

32. सूची-I (शोध विधियाँ) को सूची-II (आधारभूत समस्याएँ) के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट संकेतों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (शोध विधियाँ) | सूची-II (आधारभूत समस्याएँ) |
|---|---|
| A. केस अध्ययन | 1. अभ्यर्थी अपने उत्तर से सामाजिक रूप से स्वीकार्य कराने के लिए उसे विकृत कर सकते है |
| B. सहसंबंधात्मक शोध | 2. बडे जीव संख्या स्तर पर सामान्यीकरण में कठिनाई |

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| C. प्रेक्षण | 3. | जब व्यक्ति को आँकड़ा संग्रहण प्रक्रिया का ज्ञान होता है तो व्यक्तियों का व्यवहार बदल जाता है | |
| D. सर्वे शोध | 4. | जाँच परिणाम साहचर्य के स्वरूप को दर्शाते है परन्तु कार्य-कारण सम्बन्ध नहीं बतलाते हैं | |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (क) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (ख) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (ग) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (घ) | 2 | 4 | 3 | 1 |

33. जब प्रेक्षण का उपयोग एक स्वाभाविक परिस्थिति में विशेषकर पशुओं के व्यवहारों का अध्ययन करने के लिए किया जाता है तो इस तरह के प्रेक्षण को कहा जाता है
(क) सहभागी प्रेक्षण
(ख) असहभागी प्रेक्षण
(ग) नियंत्रित प्रेक्षण
(घ) स्वाभाविक प्रेक्षण

34. जब प्राणी के व्यवहारों का अध्ययन उसमें बिना किसी तरह के फेर-बदलाव या जोड़-तोड़ के ही अर्थात् जैसे वे अपने वास्तविक रूप में घटित होते हैं, अध्ययन किया जाता है, तो इसे कहा जाता है
(क) क्रमबद्ध प्रेक्षण
(ख) सहभागी प्रेक्षण
(ग) असहभागी प्रेक्षण
(घ) इनमें से कोई नहीं

35. वैसी विधि जिसमें अध्ययनकर्ता निष्पक्ष रूप से प्राणी के व्यवहारों का निरीक्षण एक विशेष परिस्थिति (Natural situation) में करता है, कहलाती है
(क) वस्तुनिष्ठ प्रेक्षण विधि
(ख) सहभागी प्रेक्षण विधि
(ग) नियंत्रित प्रेक्षण विधि
(घ) प्रक्षेपी प्रविधियाँ

36. किसका कथन है कि "निरीक्षण (Observation) को उचित रूप से वैज्ञानिक पूछताछ की श्रेष्ठ विधि कहा जा सकता है। ठोस अर्थों में निरीक्षण में कानों और वाणी की अपेक्षा नेत्रों का उपयोग होता है" ?
(क) वुडवर्थ (ख) मौसर
(ग) शेरिफ (घ) आइजनेक

37. नीचे निरीक्षण विधि के पद (Steps of Observation Method) दिये गये हैं :
1. व्यवहार का निरीक्षण
2. उपयुक्त योजना बनाना
3. विश्लेषण
4. व्यवहार को नोट करना
5. व्याख्या और सामान्यीकरण

निम्न कूट की सहायता से उपरोक्त का सही क्रम क्या होगा ?
कूट :
(क) 1, 4, 3, 2 तथा 5
(ख) 4, 1, 2, 3 तथा 5
(ग) 2, 1, 4, 3 तथा 5
(घ) 3, 4, 2, 1 तथा 5

38. बन्दरों के व्यवहारों का अध्ययन उनके निवास स्थान अर्थात् जंगल में जाकर करना किस प्रकार के प्रेक्षण का उदाहरण है ?
(क) सहभागी प्रेक्षण
(ख) क्रमबद्ध प्रेक्षण
(ग) (क) एवं (ख) दोनों
(घ) स्वाभाविक प्रेक्षण

39. गुडे एवं हाट ने असहभागी प्रेक्षण को क्या कहा है ?
(क) अर्द्ध-असहभागी प्रेक्षण
(ख) अक्रमबद्ध प्रेक्षण
(ग) क्रमबद्ध प्रेक्षण
(घ) नियंत्रित प्रेक्षण

40. खेल के मैदान में बालकों के व्यवहार का अध्ययन किस प्रकार का शोध है ?
(क) प्रयोगात्मक शोध
(ख) प्रेक्षण
(ग) सहसम्बन्धात्मक शोध
(घ) कालानुक्रमिक शोध

41. निम्न में से कौन-सी प्रक्रिया प्रेक्षण की प्रक्रियाओं में सम्मिलित नहीं है ?
(क) अनुभव (ख) चयन
(ग) उत्तेजन (घ) रिकार्डिंग

42. एक प्रेक्षक घटनाओं का निरीक्षण नियंत्रित अवस्था में करता है
(क) नैसर्गिक प्रेक्षण के अन्तर्गत
(ख) प्रयोगशाला प्रेक्षण के अन्तर्गत
(ग) (क) एवं (ख) दोनों के अन्तर्गत
(घ) स्वाभाविक प्रेक्षण के अन्तर्गत

43. अन्तर्निरीक्षण विधि का प्रतिपादन किसने किया?
(क) विल्हेम वुण्ट तथा टिचेनर ने
(ख) जे. बी. वाटसन ने
(ग) विलियम जेम्स ने
(घ) मैक्स वर्दाइमर ने

44. जब व्यक्ति अपने चेतन अनुभूतियों का वर्णन इस प्रकार करता है कि उसमें एक खास संवेदन, भाव एवं प्रतिमा सम्मिलित होता है, तो उसे संज्ञा देते हैं
(क) आत्मनिरीक्षण की
(ख) अन्तर्निरीक्षण की
(ग) प्रेक्षण की
(घ) प्रयोग की

45. अन्तर्निरीक्षण विधि के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) अन्तर्निरीक्षण विधि एक तरह का आत्म-निरीक्षण है
(ख) अन्तर्निरीक्षण विधि मनोविज्ञान की सबसे पहली तथा पुरानी विधि है
(ग) अन्तर्निरीक्षण विधि के सहारे ही मनोवैज्ञानिक चेतन अनुभूतियों का अध्ययन कर एक प्रयोगात्मक रूप दे पाये
(घ) अन्तर्निरीक्षण विधि का प्रयोग पशु-पक्षियों, छोटे-छोटे बालकों एवं पागलों आदि पर किया जा सकता है

46. किस विद्वान के अनुसार, "अपने अन्दर देखना ही अन्तर्दर्शन है" ?
(क) स्टाउट (ख) एडवर्ड टिचेनर
(ग) मौसर (घ) आइजनेक

47. निम्नलिखित में से किस विधि में प्रयोज्य तथा अध्ययनकर्ता एक ही व्यक्ति होता है ?
(क) प्रयोगात्मक विधि
(ख) सर्वे विधि
(ग) क्रॉस-सांस्कृतिक विधि
(घ) अन्तर्निरीक्षण विधि

48. सर्वे विधि के किस विधि के अन्तर्गत सर्वे को कम-से-कम समय में सम्पन्न कर लिया जा सकता है ?
(क) दूरभाष सर्वे (ख) साक्षात्कार सर्वे
(ग) पेनल सर्वे (घ) डाक सर्वे

49. निम्नांकित में से किस सर्वे में शोधकर्त्ता एक ही प्रतिदर्श का दो या दो से अधिक बार साक्षात्कार लेकर उनकी मनोवृत्ति या विचारों के बारे में अध्ययन कर पाता है ?
(क) साक्षात्कार सर्वे
(ख) दूरभाष सर्वे
(ग) पैनेल सर्वे विधि
(घ) डाक सर्वे

50. किस शोध विधि में छोटे एवं बड़े जीव संख्या का अध्ययन उसी जीव संख्याओं से प्रतिदर्श का चयन करके किया जाता है ताकि समाजशास्त्रीय चरों तथा मनोवैज्ञानिक चरों के तुलनात्मक आपतन (Incidence), वितरण एवं अंतर सम्बन्धों की खोज की जा सके ?
(क) अन्तर्निरीक्षण विधि
(ख) प्रेक्षण विधि
(ग) नैदानिक निरीक्षण विधि
(घ) सर्वे शोध विधि

51. सूची-I (शोध-विधि) को सूची-II (व्याख्या) के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (शोध-विधि) | | सूची-II (व्याख्या) |
|---|---|---|
| A. प्रयोगात्मक विधि | 1. | जिसमें प्रयोगकर्त्ता एक नियंत्रित परिस्थिति में प्राणी के व्यवहार का |

Scanned by CamScanner